भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-56
उत्तर देने की तारीख-22/07/2024

एनसीईआरटी की पुस्तकों में संशोधन

†56. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:
श्री वी.के. श्रीकंदन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) स्कूली पाठ्यपुस्तकों में संशोधन कर रही है;
(ख) क्या सरकार को पाठ्यपुस्तकों से राष्ट्र के इतिहास के कतिपय महत्वपूर्ण भागों को हटाए जाने की जानकारी है;
(ग) क्या सरकार को देश के धर्मनिरपेक्ष और बहुलवादी ताने-बाने पर इस प्रक्रिया के नकारात्मक प्रभाव की जानकारी है;
(घ) क्या यह सच है कि अनेक राज्य सरकारों और शैक्षिक विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से ऐसे संशोधन करने/हटाने पर आपत्ति की है;
(ड.) यदि हां, तो क्या सरकार की इस मुद्दे को सुधारने और इसके समाधान के लिए लगातार उपचारात्मक उपाय ढूंढने की कोई योजना है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयंत चौधरी)

(क): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ़-एसई) 2023 के अनुवर्ती के रूप में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ग्रेड III से XII के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार करने की प्रक्रिया में है।

(ख) से (च): कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूली शिक्षा के सभी चरणों के छात्रों को ऑनलाइन और अन्य तरीकों से अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए बहुत संघर्ष किया है। पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में विषय-वस्तु संबंधी समस्या सहित पाठ्यक्रम भार से संबंधित चिंताएँ विभिन्न जगहों से उठाई गई हैं। संसद की स्थायी समिति ने भी पाठ्यपुस्तकों में विषय-वस्तु के अतिभार के बारे में चिंता जताई है। एनईपी, 2020 में यह भी कहा गया है, "स्कूली पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु में कमी और लचीलेपन में वृद्धि - और रटने की बजाय रचनात्मक सीखने पर नए सिरे से जोर - स्कूली पाठ्यपुस्तकों में समानांतर बदलाव के साथ होना चाहिए"। उनकी निरंतर सीखने की गति में तेजी लाने और समय के नुकसान की भरपाई करने के मद्देनजर, एनसीईआरटी ने मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार, सभी चरणों और विषय क्षेत्रों में पाठ्यपुस्तकों के युक्तिकरण की दिशा में एक कदम उठाया और वर्ष 2021-22 में सभी ग्रेड और विषयों में पाठ्यपुस्तकों की सामग्री को युक्तिसंगत/अद्यतन किया। ये पाठ्यपुस्तकें वर्ष 2022-23 सत्र से जारी हैं। वर्ष 2023-24 में इन पाठ्यपुस्तकों में ज्ञान के विकास, तथ्यों और उनकी व्याख्याओं के आधार पर कुछ अद्यतन भी शामिल किए गए हैं। पुरानी पाठ्यपुस्तक विकास समिति के कुछ समिति सदस्यों द्वारा आपत्ति जताई गई थी तथा एनसीईआरटी ने अपनी वेबसाइट पर इसका स्पष्टीकरण दिया है। स्पष्टीकरण का लिंक इस प्रकार है:

https://ncert.nic.in/pdf/notice/Textbook_Development_Committee.pdf

*****